एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में भारत को लगातार तीसरी बार **एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (Asia-Pacific Institute for Broadcasting Development- AIBD)** जनरल कॉन्फ्रेंस (GC) का अध्यक्ष चुना गया है।

- **AIBD के इतिहास में ऐसा पहली बार** है कि यह प्रसारण के क्षेत्र में मार्गदर्शन और नवाचार में भारत की क्षमताओं के प्रति दुनिया भर के प्रसारण संगठनों के विश्वास को दर्शाता है।

एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (AIBD):

- **परिचय:**
  - एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (AIBD) की स्थापना वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के तत्वावधान में की गई थी।
  - यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विकास के क्षेत्र में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (UN-ESCAP) के देशों की सेवा करने वाला एक विशिष्ट क्षेत्रीय अंतर सरकारी संगठन है।
  - इसका सचिवालय कुआलालंपुर में स्थित है और इसकी मेज़बानी मलेशिया सरकार द्वारा की जाती है।
- **उद्देश्य:**
  - AIBD को नीति और संसाधन विकास के माध्यम से **एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक जीवंत एवं सामंजस्यपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वातावरण प्राप्त** करने का दायित्व सौंपा गया है।
- **संस्थापक सदस्य:**
  - **अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)**, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP), **यूनेस्को और एशिया-प्रशांत प्रसारण संघ (ABU) संस्थान के संस्थापक संगठन हैं तथा ये सामान्य सम्मेलन के गैर-मतदान सदस्य हैं।**
- **सदस्य:**
  - AIBD में वर्तमान में **44 देशों** के **92 सदस्य संगठन** हैं जिनमें **26 सरकारी सदस्य (देश)** शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व 48 प्रसारण प्राधिकरण और प्रसारक करते हैं तथा **44 संबद्ध** (संगठन) जिनका प्रतिनिधित्व एशिया, प्रशांत, यूरोप, अफ्रीका, अरब राज्यों एवं उत्तरी अमेरिका के 28 देशों व क्षेत्रों द्वारा किया जाता है।
- **एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन :**
  - **एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन** एक **वार्षिक सम्मेलन** है जिसका आयोजन AIBD द्वारा उसके सहयोगियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से किया जाता है।
  - इस सम्मेलन में **एशिया, प्रशांत, अफ्रीका, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका** के निर्णय करने वाले, मीडिया पेशेवर, विद्वान एवं समाचार तथा प्रोग्रामिंग के हितधारक भाग लेते हैं।
- **सचिवालय:**
  - **कुआलालंपुर**, मलेशिया।
- **भारत और AIBD:**
  - भारत **AIBD के संस्थापक सदस्यों में से एक** है।
  - भारत का सार्वजनिक लोक सेवा प्रसारक, **प्रसार भारती**, AIBD में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का प्रतिनिधि निकाय है।

प्रसार भारती:

- प्रसार भारती एक **वैधानिक स्वायत्त संस्था** है।
- यह देश का **सार्वजनिक लोक सेवा प्रसारक** है।
- इसकी स्थापना वर्ष **1997 में प्रसार भारती अधिनियम** के तहत की गई थी।
- प्रसार भारती निगम का मुख्य उद्देश्य जनता को शिक्षित करने और उसके मनोरंजन के लिये **दूरदर्शन एवं आकाशवाणी** को स्वायत्तता प्रदान करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asia-pacific-institute-for-broadcasting-development